दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच


वर्ष :-04
अंकः-311
मुरादाबाद
04 March 2025
(Tuesday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र


प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी ने जूनागढ़ में नेशनल रेफरल सेंटर की आधारशिला रखी; बोले- मई में होगी एशियाई शेरों की गणना

## महाकुंभ की सफलता भगवान सोमनाथ को समर्पित की, मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद PM मोदी






प्रधानमंत्री ने नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की गई। देश के प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने सासण में कुछ महिला वन कर्मचारियों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन यानी आज प्रधानमंत्री मोदी ने वन्य जीवों के मुद्दे पर अहम बैठक की अध्यक्षता भी की। इस बैठक से पहले उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लेकर अपने दिन की शुरुआत की।प्रधानमंत्री ने नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि एशियाई शेरों की गणना इस वर्ष मई में की जाएगी। उन्होंने जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए 'नेशनल रेफरल सेंटर' की आधारशिला रखी। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। देश के प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष होते हैं। इसके बाद पीएम मोदी ने सासण में कुछ महिला वन कर्मचारियों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर सोमवार की सुबह गुजरात के जूनागढ़ जिले में गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, अन्य मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सफारी के दौरान मोदी के साथ थे।

इसके बाद प्रधानमंत्री गिर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्यालय सासण गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे। एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, केंद्र सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट लॉयन' के तहत 2,900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर दी है। इन शेरों का एकमात्र निवास स्थान गुजरात है। वर्तमान में एशियाई शेर गुजरात के नौ जिलों के 53 तालुकाओं में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर में निवास करते हैं। इसके अलावा एक राष्ट्रीय परियोजना के तहत जूनागढ़ जिले के न्यू पिपल्या में 20.24 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर वन्यजीवों के चिकित्सीय निदान एवं रोग से बचाव के लिए एक 'राष्ट्रीय रेफरल केंद्र' स्थापित किया जा रहा है। संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने के लिए सासण में वन्यजीव निगरानी के लिए उच्च तकनीक से युक्त निगरानी केंद्र और एक अत्याधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रयागराज में एकता का महाकुंभ करोड़ों देशवासियों के प्रयासों से सफल हुआ।

मैंने एक सेवक के रूप में संकल्प लिया था कि महाकुंभ के बाद मैं बारह ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ की पूजा करूंगा। आज सोमनाथ दादा के आशीर्वाद से वह संकल्प पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान पीएम ने हर देशवासी के स्वास्थ्य और समृद्धि की भी प्रार्थना की। साथ ही मंदिर परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति के सामने मत्था टेका।

इसके बाद, पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने एकता के महाकुंभ की सफलता को श्री सोमनाथ भगवान के चरणों में समर्पित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि प्रयागराज में एकता का महाकुंभ करोड़ों देशवासियों के प्रयासों से सफल हुआ। मैंने एक सेवक के रूप में संकल्प लिया था कि महाकुंभ के बाद मैं बारह ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ की पूजा करूंगा। आज सोमनाथ दादा के आशीर्वाद से वह संकल्प पूरा हुआ है। मैं सभी देशवासियों की ओर से महाकुंभ की सफलता को श्री सोमनाथ भगवान के चरणों में समर्पित करता हूं।महाकुंभ 2025 अपने दिव्य, भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के साथ एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में उभरा, जिसमें भारत और दुनिया भर से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। यह महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम के तट पर आयोजित हुआ, जिसने 144 वर्षों के बाद एक पवित्र अवसर को चिह्नित किया। तीन दिवसीय यात्रा पर गुजरात पहुंचे पीएम मोदी- प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर गुजरात पहुंचे। सोमवार को वह विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर गुजरात के जूनागढ़ जिले के सासंगीर का दौरा करेंगे। पीएम मोदी ने रमजान की शुभकामनाएं दीं- इससे पहले दिन में, पीएम मोदी ने लोगों को रमजान के पवित्र महीने की सुखद शुरुआत की शुभकामनाएं दीं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम ने कहा, रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है, यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लाए। यह पवित्र महीना चिंतन, कृतज्ञता और भक्ति का प्रतीक है, साथ ही हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है। रमजान मुबारक!% ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम टोनी एबॉट से की मुलाकात- इसके अलावा, पीएम मोदी ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट से मुलाकात की, जो इस समय भारत दौरे पर हैं। एक्स पर एबॉट के साथ तस्वीर साझा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अपने अच्छे मित्र और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट से मिलकर बहुत खुशी हुई। वह हमेशा से भारत के मित्र रहे हैं। हम सभी ने उन्हें अपनी वर्तमान यात्रा के दौरान बाजरा का आनंद लेते देखा है।

## पीएम के प्रधान सचिव बोले: आत्मनिर्भरता ही वैश्विक अनिश्चितता से उबरने का उपाय; मजबूती से रखना होगा अपना पक्ष

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने कहा कि भारत सरकार किसी भी नीति निर्माण प्रक्रिया में अनिश्चितता को ध्यान में रखकर एक व्यापक रूपरेखा और परिणामोन्मुखी रचनात्मक मानसिकता पर ध्यान केंद्रित करती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने मौजूदा भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से उभरती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत को इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम बताया। उन्होंने आत्मनिर्भरता को इससे उबरने का तरीका बताया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार आत्मनिर्भर बनने पर ध्यान केंद्रित करके ही कोविड-19 महामारी, यूक्रेन-रूस संघर्ष और पश्चिम एशिया संकट से उपजी उथल-पुथल भरी स्थिति का सामना करने में सफल रही थी।पीके मिश्रा ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कहा कि पीएम मोदी ने ऐसी चुनौतियों का सामना करने में तत्परता दिखाई और इसके लिए आवश्यक सुधार किए। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने कैसे तमाम चुनौतियों, भू-राजनीतिक तनावों, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और ऊर्जा संक्रमण का सामना किया। उन्होंने बताया कि कोविड के समय में भारत ने कुछ प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करने के अलावा आर्थिक सुधारों के कई कदम उठाए। इससे विकास की गति बनी रही।स्थिर व्यवस्था कायम करने पर दिया जोर- डॉ. मिश्रा ने अनिश्चितता से निपटने के लिए नए दृष्टिकोण की जरूरत बताई, जिसमें न केवल जोखिम का आकलन किया जाए, बल्कि एक स्थिर व्यवस्था के निर्माण पर भी जोर दिया जाए। उन्होंने कहा, हमारी प्रणालियां न केवल सुव्यवस्थित होनी चाहिए, अपितु स्थिर और स्थायी भी होनी चाहिए। पीएम मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे अवसरों के निर्माण के दृष्टिकोण से बहुत सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि उभरते वैश्विक व्यापार परिवेश में न केवल द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, अपितु बहुपक्षीय संबंध भी आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। मजबूती से रखना होगा अपना पक्ष- डॉ. मिश्रा ने भरोसा जताया कि सुदृढ़ डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और तकनीकी क्षमताओं वाले अपने विशाल बाजार और जनसंख्या के कारण भारत भू-राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेगा। साथ ही कहा कि भारत को बाहरी दबावों को झेलने और मजबूती से बातचीत करने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. मिश्रा ने कृषि क्षेत्र में विविधता की जरूरत बताते हुए कहा कि जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी 1970 के दशक के लगभग 50त्न से घटकर अब 18त्न रह गई है।

## संक्षिप्त समाचार



### वृंदावन पहुंचे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, यमुना मैया का किया पूजन

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने बांके बिहारी के दर्शन किए, जिसके बाद वे यमुना पूजन करने के लिए पहुंचे। यमुना पूजन के बाद उन्होंने रुक्मणी विहार स्थित एक आश्रम में भी समय बिताया।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने आध्यात्मिक प्रवास के दौरान वृंदावन पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर जी के दर्शन किए। उन्होंने रुक्मणि विहार स्थित एक आश्रम में भी समय बिताया और संतों से आशीर्वाद लिया।इसके बाद, ओम बिरला केसी घाट पहुंचे, जहां उन्होंने यमुना माता की पूजा-अर्चना की और घाट की पवित्रता का अनुभव किया। इस दौरान उन्होंने संतों और स्थानीय भक्तों से बातचीत की और क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को समझा। शरद गोस्वामी ने उन्हें पूजन कराया।लोकसभा अध्यक्ष के आगमन पर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और उनके साथ कई स्थानीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## मायावती के फैसले पर आकाश आनंद ने दी प्रतिक्रिया, सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर रखा अपना पक्ष



बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से मुक्त कर दिया था। अब इस मामले पर आकाश आनंद की प्रतिक्रिया आई है। मायावती ने एक दिन पहले आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया था कि पार्टी में अब उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। अब इस मामले में आकाश आनंद ने प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर उन्होंने अपना पक्ष रखा।

उन्होंने लिखाा कि मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कु. मायावती जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं उस फैसले के साथ खड़ा हूं। आदरणीय बहन कु. मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर और अपने उत्तराधिकारी समेत सभी पदों से हटा दिया है। बीते एक साल के भीतर मायावती ने आकाश आनंद पर दूसरी बार कार्रवाई की है। साथ ही, उन्होंने घोषणा की है कि अब उनके जीते-जी कोई उनका उत्तराधिकारी नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने अपने भाई आनंद कुमार (आकाश के पिता एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) और केंद्रीय समन्वयक रामजी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने के साथ देश भर में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है। बसपा सुप्रीमो ने रविवार को राजधानी स्थित पार्टी कार्यालय में देश भर के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक में आकाश आनंद पर कार्रवाई की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक बैठक में आकाश भी शामिल होने आए थे, लेकिन मायावती के रुख का पता लगने पर वह बैठक में शामिल नहीं हुए। मायावती ने बैठक में कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेंट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं। उन्होंने पार्टी के लोगों को विश्वास दिलाया कि जब तक मैं जिंदा रहूंगी, तब तक पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का प्रयास करती रहूंगी। उन्होंने बैठक में पार्टी कार्यों की समीक्षा के दौरान कमियों को दूर करके आगे के कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश भी दिए।आनंद के भरोसेमंद हैं रामजी गौतम- बसपा सुप्रीमो ने कहा कि रामजी गौतम की मेहनत व कार्यशैली से पार्टी के लोग खुश हैं। इन पर मेरे साथ-साथ आनंद कुमार का भी पूरा भरोसा है। आनंद कुमार दिल्ली में रहकर कार्य करेंगे, जबकि रामजी गौतम देश के हर राज्य में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए मेरे निर्देशों को लागू करवायेंगे। जहां चुनाव नजदीक होंगे, तो वहां यह अपना ज्यादा समय देंगे। इनका ज्यादातर कार्य फील्ड का ही होगा।

## 'सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच संतुलन की जरूरत', आरएसएस प्रमुख भागवत का बयान




आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अरुणाचल प्रदेश के न्यीशी समुदाय के प्रार्थना केंद्र डोनयी पोलो न्येदर नामलो का दौरा किया और सांस्कृतिक विरासत तथा आधुनिक आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में आध्यात्मिक प्रथाओं की भूमिका की सराहना की।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक आकांक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भागवत ईटानगर के निकट नाहरलागुन में न्यीशी समुदाय के प्रतिष्ठित प्रार्थना केंद्र डोनयी पोलो न्येदर नामलो में गए और सामाजिक सद्भाव व राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा देने में आध्यात्मिक प्रथाओं की भूमिका पर बात की। डोनयी पोलो न्येदर नामलो में साप्ताहिक प्रार्थना आयोजित की जाती है। पचिन नदी के तट के पास स्थित नामलो सूर्य (डोनयी) और चंद्रमा (पोलो) की पूजा के लिए समर्पित है, जो इस क्षेत्र के मूल निवासियों के लिए गहन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।नामलो की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि भागवत ने पारंपरिक प्रार्थना समारोह में हिस्सा लिया। भागवत ने नामलो पुजारियों और श्रद्धालुओं से चर्चा के दौरान परंपराओं की रक्षा के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। भागवत ने कहा, डोनयी पोलो न्येदर नामलो जैसी आध्यात्मिक प्रथाएं राष्ट्र निर्माण के हमारे साझा लक्ष्य की दिशा में सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए आवश्यक हैं। अरुणाचल प्रदेश की चार दिवसीय यात्रा आखिरी कार्यक्रम- बयान में कहा गया कि भागवत की यात्रा ने इन प्राचीन परंपराओं के संरक्षण के महत्व और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने में न्यीशी समुदाय की भूमिका को बल दिया। भागवत की अरुणाचल प्रदेश की चार दिवसीय यात्रा का यह आखिरी कार्यक्रम था। यात्रा के दौरान उन्होंने दो दिवसीय आरएसएस कार्यकर्ता शिविर में हिस्सा लिया, जिसमें राज्यभर से संगठन के सदस्य शामिल हुए। उनकी अरुणाचल प्रदेश की यात्रा गुवाहाटी में पांच दिवसीय कार्यक्रम के बाद हुई है। अरुणाचल प्रदेश का दौरा समाप्त कर भागवत शताब्दी वर्ष से संबंधित अन्य कार्यक्रमों के लिए गुवाहाटी लौटेंगे। इस साल विजयादशमी पर आरएसएस के 100 साल पूरे होंगे और इस मौके पर देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।


## संपादकीय Editorial

### Faith of Shivdham Project

If we keep the text of shared dreams alive, then Himachal's duty will repay Himachal's debt. Apparently, the Mandi Shivratri Festival also saw the government earning the merit of dreams. This merit, while offering offerings to the gods, performs the aarti of preservation of traditions, and also fulfills the duty of an ambitious project like Shivdham. Shivratri made the meaning of the moment that the people of Mandi were waiting for from Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu, a tilak of Rs. 100 crore is being applied to open the doors of Shivdham construction. This project was obviously a dream, even though it was shared with the people of Mandi by the then Chief Minister Jairam. These projects will witness some phase or the other, but if the governments move forward with continuity, then the resolutions of the state will be fulfilled. There is no title for political animosity, but every change in the face of the state is an award. Of course, Sukhu government's sacrifice in a project like Shivdham is earning merit, but there should also be an explanation as to why the previous governments were busy in shaving off the previous projects and schemes as soon as the power changed. In the light of power, offices established in one place are shifted to another place or the journey of the tracks of justice is stopped. If the works of the previous governments are audited, then it will be known how many incomplete buildings and projects became victims of politics. Important posts of the government are reflected in the importance of the areas, whereas a state is formed by 68 assembly constituencies coming under the same structure. In such a situation, if the political cages of a project of Mandi are being broken, then the same kindness should also be shown to the Jadrangal campus in the division of the Central University. Many such applications are clashing between the Shimla and Delhi governments. More or less the preamble of every project is written by the state, but the center has to take care of financial support. If Himachal is in the top ten progressive states today, this coordination connects Shimla to Delhi. If we could do something, the Centre paid 90% of the expenditure and the state paid 10%, but now the complaints are increasing because Delhi is not giving priority as per the criteria of being a hill state. There are many financial conditions and messages which have started increasing the pressure of narrow-mindedness. The Centre has increased its share in financial support to 50% in projects like Smart City or the crown of conditions in the establishment of national level institutions has become full of thorns. This state is being crushed especially by the responsibility of land acquisition. The current formula of land acquisition in railway expansion projects will have to be changed. In this context, the tussle arising in Asian Development Bank projects will have to be brought to a meaningful conclusion. The changes being made in some approved projects are being stopped because there is a conflict of the past with the present. If the previous government has contributed in the effort to implement a project, then the present will have to respect the identified paths or take it to a better conclusion. Projects worth about 1600 crores are hanging in the air because there was a DPR of the previous government and now the same style has been changed. If this debate turns into who is the owner of the state, then the loss will also be of the state. Obviously, instead of doing something further, there is a bundle of contradictions in whatever happened in the past. There can be many pauses in this due to time and doubt. These are economic pauses which are seeing old files fighting with new intentions. If there is a debate on the government's no or any change.

# Accounting of work in government offices, what is this mess?

In many government offices, there is no concept of keeping account of the work of the employees because what is past is past. The important thing is that learning to operate a computer in government offices is a big task in itself. If one has to send an email, a big problem arises. This article satirises such situations. Like every day, yesterday also half the office was at the tea stall and the other half was sitting on their chairs dozing off waiting for five o'clock. Just then a peon came and started pasting a paper on the notice board. Athhiya Babu saw it. He asked, 'What are you pasting Hariram?' Hariram said, "DM sahab had given it. He said, paste it, so I pasted it. Whatever is there, you read it." Athhiya Babu said, 'How many times I told you, if not before pasting, then read it after. Tell me what is written?" He said irritably, "I have other work to do." Athhiya Babu had to get up and see. The order was, 'Every government employee has to tell by email by Monday afternoon what they did this week. Action will be taken against those who do not tell.' Within a few minutes, the news spread like fire. The copy of the order reached every mobile. Babu Ramlal was sipping tea while sitting on his chair. Mishra ji taunted him and said, "Ramlal ji, it seems that Trump's order is being implemented here as well like America. Tell me what will you write in the email, what did you do this week?" Ramlal said, "First tell us how to write in an email?" At this Athhiya ji told Hariram to run and call Maurya from the computer room. Hariram came panting after a while and said, 'I couldn't find Maurya.' Ramlal said angrily, "No one has to work. Tell me, he left at four o'clock." Athhiya ji said, "He must have gone somewhere nearby, we will see in a while." Verma ji pulled his glasses up and said in a low voice, "Ramlal ji, get someone to write the email, it is not a difficult task and send what you did this week?" Athhiya said, "Then you teach us also." "We cannot teach that. We also do not know well. Take help from someone else. Ramlal ji said in a deep voice, "Look, we will somehow manage to send emails, but our question is, is it right to ask this in government offices? Is this even a question, 'What did you do last week?'" To this Athhiya ji said, "Look, government work is done slowly and comfortably. Understand it like fishing, the net is cast, then there is a wait." Ramlal ji said in a serious tone, "There is no concept of keeping an account of the work of the last week in government offices, because what is gone is gone." By evening, there was a commotion in all the offices due to this order. In view of this, the Government Employees Federation called an emergency meeting and declared, "Dictatorship will not work. There will be a strike until the weekly work order is withdrawn. Bharat Bandh will be done. Chakka Jam will be done." As soon as the opposition got the news, its statements started coming, "This is harassment of government employees!" "This order is against the Constitution!" "This is casteism! This order has been brought to target employees of a certain caste!" "This is an anti-women and anti-people order. The public will answer this." The best statement of the time came from a big leader, "Get a caste census done! That is the solution to all problems." Some people in the media called it "NRC of jobs", "Whoever does not have proof of work, his job is in danger!" Banners were put up in government offices, "Wake up the employees, drive away the emails!", "The chair is ours, the rules will not work!" To handle the situation, the senior officials of the government clarified, "We had given this order for improvement, but it seems we were not able to make the employees understand our point. If there is dissatisfaction with this, then this order will be withdrawn!" Seeing this statement, Athhiya Babu laughed and said, "Now if someone asks again what did you do last week? Then the answer will be, Bharat Bandh was called."



# Message of Mahakumbh, there should be brainstorming on concrete measures for crowd control

Prayagraj Mahakumbh The 45-day long Prayagraj Mahakumbh concluded. During this period, more than 65 crore devotees took a dip in the Sangam. People from all over the world came to Prayagraj to witness this special Mahakumbh that came after 144 years. While the Mahakumbh touched a new peak of faith, it also told that in future people will participate more enthusiastically in such events. The Mahakumbh, which started on the day of Paush Purnima on 13 January 2025, concluded on Shivaratri. This time in the Mahakumbh, no one expected the way the immense crowd blessed themselves by bathing at the Sangam. The Uttar Pradesh government estimates that more than 65 crore people participated in the Mahakumbh. While such a large crowd gathering at one place in a period of 45 days set a record, it also strengthened the fact that the people of India have immense faith in the divine power that inspires man to come forward on such occasions to get acquainted with the mysteries of life and satisfy his spiritual hunger. It is natural that people consider Kumbh as a blessing of divine grace. Kumbh has special significance in Indian culture. It is also mentioned in our scriptures. Organizing Kumbh Mela is one of the most ancient traditions of Hinduism. There are not only mythological and religious reasons behind organizing Kumbh, but also astronomical reasons. According to mythological beliefs, the gods and demons churned the ocean to obtain nectar. During this churning, a pot of nectar came out. It fell into the hands of the demons, to save which the gods came forward. In this sequence, a few drops of nectar fell in Prayagraj, Haridwar, Ujjain and Nashik. Considering these four places as holy, Kumbh fairs started being organized on the banks of rivers here. Grand Kumbh is also organized in Nashik, Ujjain and Haridwar, but the importance of Kumbh in the holy city of Prayagraj is much greater. One reason for this is that the invisible Saraswati meets the Ganga and Yamuna in Prayagraj. Even though Saraswati is invisible, Indians still have a strong faith in its existence. This faith attracts crores of people towards Kumbh and that too without any invitation. Kumbh becomes a big center for the meeting of saints and devotees. Kumbh not only becomes the center of spiritual knowledge, but it also becomes a medium of cultural exchange. Apart from this, it also symbolizes social harmony. Even before independence, people used to gather at Kumbh along with saints and mahatmas, but as the facilities of transportation increased, people started participating in Kumbh with great enthusiasm. There is no difference between the people coming here. This time Kumbh Mela was called Maha Kumbh due to astronomical peculiarities and that is why people from every corner of the country and even from many parts of the world came to it. The Uttar Pradesh government had estimated that about 40 crore people would come to Maha Kumbh, but more than this estimate, more than 65 crore people came to Prayagraj. Many people also participated due to the curiosity that why such a large crowd is reaching Maha Kumbh? While Prime Minister Modi and many other people are calling Maha Kumbh the Kumbh of Indian unity, some people are explaining it in such a way that it is a vision of nature and by going to Kumbh we bow to the most important life-giving source on earth - water. Whether it is the snow of the Himalayas or the rain of the monsoon, nature has adorned the Indian subcontinent with water. Kumbh also shows the importance of water sources. We Indians have to remember that it is very important for water sources to remain pure. Today our rivers have become polluted. The administration made great efforts to ensure that the pilgrims do not have to bathe in polluted water during the Maha Kumbh. There was some politics on this that the water was getting polluted in the last days of bathing. Many people made it an issue, but the flood of faith ignored their voices. Now that the Maha Kumbh is over and the water to which millions of people bowed down and took the blessings of nature, it will have to take the responsibility of keeping the Ganga-Yamuna and other rivers clean. The way we Indians have polluted the rivers and other water sources is not hidden from anyone. Although it is the responsibility of the government to keep the water sources clean and it should build such infrastructure that the water sources are saved from getting polluted, but along with the government, the common people should also come forward and take the initiative to remove the negligence being shown in keeping the water sources clean. It will be difficult to keep the water sources clean without public cooperation. This is a task in which the government definitely needs the cooperation of the public. Some accidents also happened in Prayagraj when such a huge crowd gathered at one place and crores of people reached there. These could have been avoided. The government should have been as prompt to prevent these accidents as the common people. People should be disciplined and be ready to follow the arrangements made by the government. One shortcoming of average Indians is that they show laxity in matters of discipline. This increases the possibility of accidents. In the accidents that happened at the Sangam coast and at the railway station in Delhi during the Maha Kumbh, along with the lack of arrangements, it also came to light that people did not show discipline. The standards that should be adopted to control such a large crowd should be reviewed and concrete measures should be taken for crowd control in such huge events in the future. Therefore, more and more A. Because while Maha Kumbh touched a new peak of faith, it also showed that in future people will participate in such events with greater enthusiasm.

# वार मेमोरियल का रक्षामंत्री के सामने प्रजेंटेशन, दिया उद्घाटन का न्योता

## मेयर विनोद अग्रवाल ने वार मेमोरियलय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने का दिया न्योता, राजनाथ सिंह ने स्वीकारा

मुरादाबाद- मुरादाबाद के दिल्ली रोड पर बन रहे वार मेमोरियल का प्रजेंटेशन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने किया गया। रक्षा मंत्री ने वार मेमोरियल के निर्माण के प्रयास के लिए नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के प्रयासों की सराहना की और कहा कि रक्षा मंत्रालय हर तरह का सहयोग देगा। मेयर विनोद अग्रवाल ने वार मेमोरियल का निर्माण पूरा होने के बाद उद्घाटन के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को न्योता दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली रोड के समीप बुद्धि विहार फेज 2 में बन रहे वार मेमोरियल के लिए सेना के निष्क्रिय अस्त्र-शस्त्र, हथियार और अन्य सैन्य उपकरण उपलब्ध कराने के लिए रक्षा



मंत्रालय से मदद मांगी गई थी। इस बारे में मंत्रालय से सहमति मिल गई है। हालांकि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इस पूरे प्रोजेक्ट को जानने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर मेयर विनोद अग्रवाल के साथ नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली में मिले। नगर आयुक्त ने रक्षा मंत्री के सामने वार मेमोरियल का प्रजेंटेशन दिया। निर्माणाधीन वार मेमोरियल की प्रेजेंटेशन देखकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए हर प्रकार की सहायता के लिए अपने अधीनस्थ अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया। मेयर विनोद अग्रवाल ने नगर आयुक्त की सोच और तैयार किए जा रहे प्रोजेक्ट के बारे में रक्षा मंत्री को जानकारी दी। इस पर रक्षा मंत्री ने नगर आयुक्त की व्यक्तिगत रूप से सराहना की। नगर आयुक्त ने रक्षा मंत्री को मुरादाबाद जिले में चल रहे विकास कार्य को लेकर भी चर्चा की और उन्हें बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहर में कई विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के चलते मुरादाबाद शहर की तस्वीर बदल गई है। इस दौरान मेयर ने रक्षा मंत्री को वार मेमोरियल के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का न्योता दिया, जिसे रक्षा मंत्री ने स्वीकार कर लिया। विनोद अग्रवाल ने बताया कि रक्षा मंत्री को वार मेमोरियल के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल होने का न्योता दिया था, जिसे उन्होंने स्वीकार करने के साथ ही हर तरह का सहयोग देने का आश्वासन दिया है। वार मेमोरियल के प्रजेंटेशन के दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल भी मौजूद थीं।

# त्रिवेणी संगम का जल लेकर मुरादाबाद पहुंची दमकल, लोगों ने CM योगी को दिया धन्यवाद

मुरादाबाद- दमकल विभाग की गाड़ियों से सभी जिलों में त्रिवेणी संगम का जल भेजा जा रहा है।







सोमवार को दमकल का वाहन संगम जल लेकर मझोला थाना क्षेत्र के लाइनपार रामलीला मैदान में पहुंचा। यहां दमकल चालकों का तिलक किया गया और लोगों ने फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोग लाइन लगाकर गंगा जल लेने के लिए अपनी बारी का इंतेज़ार कर करते रहे। लोगों ने कहा कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। हम सब लोग किस कारणों के चलते महाकुंभ स्नान नहीं कर पाए थे। हम लोगों के दिलों में काफी निराशा थी। लेकिन, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमारे घरों तक गंगा जल भेजकर हमारी सारी निराशाएं खत्म कर दी।

### संक्षिप्त समाचार

# ट्रक ने दो बाइक सवार दोस्तों को कुचला, दोनों की मौके पर ही मौत...काम कर अपने घर वापस लौट रहे थे

मुरादाबाद- थाना मूंढापांडे इलाके में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर टोयोटा एजेंसी के सामने बेकाबू ट्रक ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया, जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तेज गति के कारण ट्रक की चपेट में आए दोनों



युवकों के शव टायर के नीचे दब गए थे। राहगीरों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शवों को निकाला और ट्रक को कब्जे में लेकर थाने ले आई, जबकि ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सड़क हादसे में जान गवाने वालों की शिनाख्त तालिब पुत्र शाहिद, चरन सिंह पुत्र मोहनलाल निवासी मुड़िया मलूकपुर थाना मूंढापांडे के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार दोनों मृतक मुरादाबाद में मेहनत मजदूरी करते थे, दोनों दोस्त रविवार की रात लगभग 11=30 बजे मुरादाबाद से काम कर अपने घर लौट रहे थे। मौलागढ़ के पास बाइक में पेट्रोल लेने के लिए गोपाल पंप की और जा रहे थे। इसी बीच रामपुर की तरफ़ से तेज़ रफ़्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी और बाइक सहित दूर तक घसीटते हुए ले गया। जब बाइक ट्रक के अगले हिस्से से नहीं निकली तो चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया है। मृतक तालिब के परिवार में पत्नी परवीन, बच्चे आकिब, साहिल,बेटी ताबिया हैं। वहीं मृतक चरन सिंह के परिवार में पत्नी संतोष, बेटा अनमोल है। दोनों दोस्तों की मौत की खबर सुनकर परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि रात के समय दो बाइक सवार युवकों को ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को भेज दिया है।




# इजरायल, जापान, जर्मनी देशों में केयरगिवर, पेशेंटकेयर, केयरटेकर के पदों हेतु करें आवेदन

## सेवायोजन विभाग के एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.nic.in पर अभ्यर्थी करें अपना पंजीयन

मुरादाबाद- सहायक निदेशक सेवायोजन मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद ने श्री रत्नेश चन्द्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsangam.up.nic.in के माध्यम से इजरायल, जापान तथा जर्मनी देशों के केयरगिवर, केयरटेकर व पेशेंटकेयर के पदों के सापेक्ष अभ्यर्थियों की मांग की गयी है। जिसमें इजरायल में केयरगिवर/पेशेंटकेयर के कुल पद 5000 है जिसकी आयु सीमा 25 से 45 वर्ष वेतन 1,31,918 रुपये है, भाषा अग्रेंजी, शैक्षिक योग्यता केयरगिवर की हाईस्कूल और पेशेंटकेयर की जीएनएम/एएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बीएससी नर्सिंग निर्धारित की गयी, जिसका अनुबंध 02 वर्ष का होगा। इसी क्रम में जापान में केयरगिवर/केयरटेकर के कुल 50 पद, अनुभव 03 माह, आयु 20 से 27 वर्ष वेतन 1,16,976 रुपये है, भाषा जापानी व अग्रेंजी, जिसकी शैक्षिक योग्यता जीडीए/एएनएम/जीएनएम/जीसीए/ईएमटी/बीएससी नर्सिंग जिसका अनुबंध 05 वर्ष का होगा एवं अभ्यर्थी को 09 महिनें का पूर्णकालिक सशुल्क जापानी भाषा का प्रशिक्षण दिया जायेगा। शुल्क की कुल धनराशि 90 हजार है, जिसकी प्रवेश शुल्क 10 हजार बाद में 20 हजार की चार समान किस्तों में जमा कराना होगा। इसके साथ ही जर्मनी में सहायक नर्स के कुल पद 250, अनुभव 01 वर्ष आयु सीमा 24 से 40 वर्ष वेतन 2,29,925 रुपये भाषा जर्मनी ( बी-2 स्तर पर निःशुल्क जर्मन भाषा प्रशिक्षण ) उक्त पद की शैक्षिक योग्यता एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग है, जिसका अनुबंध 02 वर्ष का होगा और अभ्यर्थी को बी-2 स्तर तक निःशुल्क जर्मन भाषा का प्रशिक्षण दिया जायेगा। अभ्यर्थी से 30 हजार रुपये की सुरक्षा राशि जमा की जाएगी। जो जर्मनी में तैनाती के बाद वापस कर दी जाएगी। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि सेवायोजन विभाग के एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam.up.nic.in पर अभ्यर्थी को जॉब सीकर में अपना पंजीयन कराना होगा। सभी देशों की रिक्तियों के नोटिफिकेशन को rojgaarsangam.up.nic.in के होम पेज पर द्धशड्ढ आइकन में जाकर overseas job पर देखा जा सकता है। इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी के लिए टोलफ्री नम्बर 155330 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा जनपद के सेवायोजन कार्यालय से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव 2025 में शामिल होने हेतु युवा 09 मार्च 2025 तक करें पंजीकरण

## 01 मिनट की वीडियो बनाकर माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण हेतु करें अपलोड

मुरादाबाद - उप निदेशक माय युवा भारत मुरादाबाद श्री अंकित कुमार गौर ने बताया कि राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव 2025, युवाओं के लिए आकर्षक अवसर युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, की दो इकाइयों नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा सांसद 2025 का आयोजन जनपद, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव का जनपद स्तरीय आयोजन हेतु पंजीकरण किया जा रहा है वे युवा जो 24 फरवरी 2025 को कम से कम 18 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष की आयु के हैं वह अपना आवेदन माय भारत पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इस माध्यम पर कोई भी युवा अपनी 01 मिनट की वीडियो बनाकर इस पोर्टल पर पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता है। इस राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव का टॉपिक है वन नेशन वन इलेक्शन इस राष्ट्रीय युवा सांसद महोत्सव के 10 विजेता को उत्तर प्रदेश की विधानसभा में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा ।

इस प्रतियोगिता के राज्य स्तर के विजेता भारत की सांसद के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे । नेहरू युवा केंद्र संगठन मेरा युवा भारत मुरादाबाद के उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया की यह प्रतियोगिता संपूर्ण देश में आयोजित की जा रही है ,इसके लिए 301 नोडल केंद्र बनाए गए हैं, जनपद मुरादाबाद भी एक नोडल केंद्र है एवं इस केंद्र के साथ रामपुर, अमरोहा जनपद समूह का हिस्सा है एवं एनएसएस की इकाई डी.एस.एम. डिग्री कॉलेज कांठ इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक है। जनपद के सभी इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते हैं ।

आवेदन की अंतिम तिथि 09 मार्च 2025 है एवं प्राप्त आवेदनों में से चयनित 150 युवाओं को भौतिक रूप से आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बुलाया जाएगा । यह प्रतियोगिता एक युवा को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करेगी। पंजीकरण कर रहे इच्छुक युवा को यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह युवा मोबाइल संख्या 8630109399 संपर्क कर सकते हैं।

# अमरोहा में बड़ा हादसा: दो बाइकों की भिड़ंत के बाद सड़क पर गिरे सवार, कैंटर ने कुचला... दंपती समेत तीन की मौत

मुरादाबाद -कांठ रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत के बाद चार लोग सड़क पर गिर गए, जिन्हें तेज रफ्तार कैंटर ने कुचल दिया। हादसे में दंपती समेत तीन लोगों की मौत जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कांठ रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत के बाद जमीन पर गिरे चार लोगों को तेज रफ्तार कैंटर ने कुचल दिया। हादसे में सिहाली गांव निवासी जयवीर ( 40 ) उनकी पत्नी आदेश ( 38 ) और झनकपुरी निवासी जितेंद्र ( 30 ) की मौके पर मौत हो गई। जितेंद्र के दोस्त राजू गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घायल की हालत भी नाजुक बनी हुई है। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक जयवीर नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के सिहाली गांव के रहने वाले दिवंगत समरपाल सिंह के बेटे थे।उनके परिवार में पत्नी आदेश और दो बच्चे हैं। रविवार को जयवीर सिंह की ममेरी साली की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए जयवीर अपनी पत्नी आदेश के साथ जस्सूनगला गांव गए थे। शाम को शादी निपटने के बाद दोनों बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के कांठ रोड स्थित छावा गांव के नजदीक पहुंची, तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। इस बाइक पर अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के झनकपुरी गांव के रहने वाले जितेंद्र और चकिया गांव के रहने वाले उनके दोस्त राजू सवार थे। राजू और जितेंद्र गन्ने का बीज खरीदने के इरादे से घर से निकले थे। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग सड़क पर गिर गए। तभी, तभी कांठ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कैंटर ने चारों को कुचल दिया। हादसे में जयवीर, उनकी पत्नी आदेश और जितेंद्र की मौके पर मौत हो गई। जबकि, राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राजू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे गंभीर हालत में मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। घायल राजू की हालत नाजुक बनी हुई है। बाद में पुलिस ने जयवीर, आदेश और जितेंद्र के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ पंकज त्यागी ने बताया कि क्षतिग्रस्त बाइकों और कैंटर को कब्जे में ले लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# 01 अदद देशी तमंचा, 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ मुकदमें से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -भूपेंद्र तिवारी

कैसरगंज -पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम एवं वारण्टी/जिला बदर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर द्वारा दिये गये आदेशो निर्देशों के क्रम में व क्षेत्राधिकारी महोदय कैसरगंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोदय कैसरगंज के कुशल नेतृत्व में कैसरगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त मिथलेश पासवान पुत्र केशव नि0 छतौरा बेननपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा उम्र करीब 32 वर्ष को मु0अ0सं0 378/24 धारा 304(2) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बहराइच पेशी हेतु रवाना किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण - ग्राम चुलम्भा में दिन में नहर के किनारे खडी महिला की नाक की कील लेकर भाग गये थे जिसमे अभियोग पंजीकृत करके एक अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था तथा एक अभियुक्त वांछित चल रहा जिसे एक अदद देशी तमंचा व 1 अदद जिन्दा कारतूश के साथ गिरफ्तार किया गया व पूछने पर बताया कि चुलम्भा में दिन में नहर के किनारे खडी महिला की नाक की कील उसने व बाबू स/ह्न बहादुर पासी नि0 पहलीपुरवा बराव थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा ने मिलकर छीन ली थी, गाडी वह स्वयं चला रहा था, दोनों ने कील को बेचने का प्रयास किया परन्तु नहीं बिक पायी, कील बाबू के ही पास थी, कैसरगंज क्षेत्र में ग्राम चुलम्भा की घटना उसने व बाबू पासी ने के थी। बरामदगी का विवरण- 01 अदद देशी तमंचा 01 अदद जिन्दा कारतूस अभियुक्त का नाम पता- मिथलेश पासवान पुत्र केशव नि0 छतौरा बेननपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा उम्र करीब 32 वर्ष अपराधिक इतिहास का विवरण- 1. मु0अ0सं0 378/24 धारा 304(2) क्ष्छ्ैव 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कैसरगंज जनपद बहराइच 2. मु0अ0सं0 150/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना करनैलगंज जनपद गोण्डा गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण 1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरेन्द्र कुमार मिश्र थाना 2. उ0नि0 धर्मप्रकाश सिंह 3. हे0का0 प्रभात सिह 4. हे0का0 अबरार खाँ 5. हे0का0 सत्यपाल यादव 6. का0 अनिल कुमार 7. का0 राजकुमार यादव




# बजट पर समाज के विभिन्न वर्गों की प्रतिक्रिया

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार के दूसरे बजट प्रस्ताव पर जिले के विभिन्न नागरिकों द्वारा अपनी प्रतिक्रिया दी। लोगों ने खुशी जताई है कि ग्रामों में पक्की सड़क के विकास , मोबाइल नेटवर्क की पहुंच जैसी सुविधाओं के साथ नगरों के विकास को तेज करने निर्णय सरकार द्वारा लिए जा रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाईल टावर लगने से बच्चों तक बेहतर शिक्षा की पहुंच बढ़ेगी साथ ही लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच भी आसानी से मुमकीन हो सकेगी। फ्मुख्यमंत्री परिवहन योजनाफ्र के जरिए सरकार द्वारा लोगों को मुख्य मार्गों से जोड़ने की योजना लोगों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्रदान करेगी। राज्य में स्वास्थ्य एव शिक्षा को बेहतर करने की दिशा में भी अच्छा निर्णय लिया गया है। सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ा निर्णय लेते हुए पुलिस की विशेष टीम की गठन की योजना निश्चित रूप से राज्य में अपराध को कम करने में मदद करेगी। पत्रकारों ने बजट में पत्रकारों के लिए किए गए प्रावधान पर खुशी जाहिर की है। जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री उपेन्द्र दुबे ने सम्मान निधि की राशि को दोगुना करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह सरकार का अच्छा निर्णय है इससे पत्रकार वर्ग प्रोत्साहित होंगे। यह बजट ग्रामीणों के लिए खुशहाली का बजट है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना,जनजातीय क्षेत्रों की सड़कें तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को आबंटित राशि निश्चित तौर ग्रामीण विकास की दिशा में अच्छा कदम है। गावों के सभी वर्गों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। किसानों ने भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए विशेष फंड पर खुशी जाहिर की है। इससे जिले में कृषि के उन्नयन में सहायता मिलेगी। कर्मचारी वर्ग ने भी इस बजट की विशेष रूप से सराहना की है। रेवती रमण कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे ने कहा कि इस बजट में शासकीय कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन व्यवस्था बनाने के लिए पहली बार सुनियोजित तरीके से पेंशन फंड बनाने का निर्णय लिया गया है जो स्वागत योग्य है।



# बेसिक शिक्षा मंत्री ने दिया जवाब, निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का कोई विचार नहीं

यूपी विधानमंडल का बजट सत्र जारी है। सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान सत्ता पक्ष ने विपक्ष के सवालों के जवाब दिए। यूपी विधानसभा का बजट सत्र जारी है। सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें सत्ता पक्ष के नेताओं ने विपक्ष के उठाए गए सवालों के जवाब दिए। एक सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि आरटीई में निजी स्कूलों की शुल्क प्रतिपूर्ति में वृद्धि का सरकार का कोई विचार नहीं है। वहीं, दोपहर 3.15 बजे तक के लिए विधान परिषद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। विधान परिषद की कार्यवाही में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार है, कोई माई का लाल आरक्षण नहीं छीन सकता है। वे सदन में सपा सदस्यों की ओर से निजीकरण के खिलाफ लाए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर बोल रहे थे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव का कहना था कि बिजली विभाग के निजीकरण के जरिये सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है। वहीं, सपा के डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि निजीकरण का छिपा एजेंडा आरक्षण खत्म करना है। निजीकरण का ही नतीजा है कि कुंभ के दौरान दिल्ली से प्रयागराज का किराया, दिल्ली से लंदन तक के किराये से महंगा हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री को टूटी सीट पर बैठकर सफर करना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष ने लाल बिहारी यादव ने कहा कि सरकारी विभागों के निजीकरण किए जाने से नौकरी की कोई गारंटी नहीं रह जाएगी। इस पर केशव ने कहा कि सपा के लिए व्यक्ति और परिवार के बाद पार्टी और देश है, जबकि हमारी विचारधारा में देश सबसे ऊपर है। उसके बाद दल और व्यक्ति का नंबर आता है। सपा सदस्यों को नहीं भूलना चाहिए कि नोएडा में बिजली का निजीकरण मुलायम सिंह यादव की सरकार में हुआ था। केशव ने कहा कि अगर गंगा का जल प्रदूषित होता तो सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डुबकी कैसे लगाते। प्रदूषण गंगा में नहीं सपा के लोगों के मन में है। पांच मार्च तक चलेगा सदन- विधानसभा का बजट सत्र पांच मार्च तक चलेगा। पांच मार्च तक विधानसभा और विधान परिषद दोनों चलती रहेंगी।

# मा0 केंद्रीय राज्य मंत्री ने कृषि मेले में किया किसानों को सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच

कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी में सोमवार को कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य पश्चिम मैदानी जोन का एक दिवसीय किसान मेला तथा त्वरित विकास मक्का एवं तिलहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय राज्य मंत्री बी0एल0 वर्मा रहे। उन्होंने मेले में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन कर उन्हें सराहा। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 05 लाभार्थियों तथा मक्का बीज अनुदान के लाभार्थियों को सम्मानित किया। मा0 केन्द्रीय राज्य मंत्री बी0एल0 वर्मा ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री बीज से लेकर बाजार तक के लिए किसानों की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितार्थ अनेकों कार्य कर रही है। उन्होंने केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कृषोन्मुखी योजनाओं के सन्दर्भ में उपस्थित जनमानस को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गत दिनों मा0 प्रधानमंत्री ने देश के 09 करोड़ 80 लाख से अधिक किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की धनराशि अंतरित की थी। कृषि मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं साथ ही कृषि की नई तकनीक व किसानों को बेहतर आधुनिक खेती के तरीके बताने के लिए विभिन्न स्टाल लगाए गए हैं जिसका सीधा लाभ किसानों को मिला है। उन्होंने कहा कि कृषि मेले से जैविक खेती के नवाचार व फायदों के बारे में भी अधिकारियों द्वारा बताया गया तथा किसानों को किस प्रकार से और अधिक समृद्ध व संपन्न बनना है इस दिशा में यह मेला सफल साबित हुआ है। कृषि बजट वर्ष 2013 में 21900 करोड़ रुपए होता था वहीं कृषि बजट को बढ़ाकर एक लाख 27 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का बनाया गया है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 368000 करोड रुपए से अधिक धनराशि अंतरित की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एमएसपी के रेट बढ़ाए तथा बीज सब्सिडी पर किसानों को उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिले, इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। संयुक्त कृषि निदेशक बरेली मण्डल बरेली द्वारा विभाग में चल रही विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से चर्चा की। उप कृषि निदेशक द्वारा जैविक खेती प्रधान मन्त्री किसान सम्मान निधि के विषय में अवगत कराया। उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न विभागों तथा निजी क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा लगाये गये स्टालों तथा कृषक बन्धुओं का आभार व्यक्त किया।जिला कृषि अधिकारी द्वारा मक्का फसल बीज,कृषि रक्षा रसायन तथा रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता तथा भूमि में इनसे पडने वाले विपरीत प्रभाव के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन आनन्द चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख उझानी, जिला पंचायत सदस्य, संयुक्त कृषि निदेशक बरेली मण्डल बरेली डॉ0 राजेश कुमार, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी, वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक, कृषि विभाग के समस्त कार्मिक तथा जनपद बरेली, शाहजहाँपुर, अमरोहा, संभल, सीतापुर तथा बदायूँ से आये हुए कृषक उपस्थित रहे।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत ग्राम हरिहरपुर के विद्यालय में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर सूरजपुर श्री एस जयर्वधन के दिशा निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के मार्गदर्शन में जिला सूरजपुर को बटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत दिनांक 24.02.2025 से 08.03.2025 तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन जिले में विभिन्न स्तरों में आयोजित किया जाना है इसी क्रम में आज दिनांक 28.02.2025 कार्यक्रम को जिले के प्रतापपुर विकास खण्ड के ग्राम हरिहपुर के शा0 उ0मा0वि0 में किया गया कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्द्र कुमारी तिवारी, ने लिंग भेद, भ्रुण हत्या, घरेलू हिंसा, लैंगिक अपराध बाल विवाह विषय पर अपने विचार रखे संरक्षण अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि लिंग परीक्षण कराना गैर कानूनी जूर्म है उसके बाद बावजूद लोग दो बेटी होने के बाद तीसरी संतान पुत्र हो सके इसके लिए लिंग परीक्षण कराते हैं और तीसरी संतान लडकी होने पर गर्भ में ही मार दिया जाता है यह पहले सिर्फ शहरों में कराया जाता था लेकिन अब यह बिमारी गावं गांव में फैल गया है अब हमे अपने घर में जागरूक करना है बेटियां किसी से कम नहीं है। इसके साथ ही सखी वन स्टॉप, महिला हेल्प लाईन व चाईल्ड लाईन की जानकारी दी गई। श्रीमती इन्द्र कुमारी तिवारी ने छात्राओं को घरेलू हिंसा के संबंध में जानकारी दी। घर के अन्दर महिलाओं के ऊपर कई प्रकार सम्बंध में जानकारी दी। घर के अंदर महिलाओं के ऊपर कई प्रकार की हिंसा हो रही है। महिलाओं को दहेज प्रताडना का दंश झेलना पड़ रहा है। महिलाएं पुरुषों से प्रताडित हो रही है महिलाओं के सुरक्षा के लिए कई प्रकार के कानून बनाए गये हैं सखी वन स्टॉप सेन्टर में महिलाओं को पांच प्रकार की सुविधाएं प्रदान किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्द्र कुमारी तिवारी, प्रतापपुर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती संतोषी सिंह सेक्टर पर्यवेक्षक एवं आ0बा0 कार्यकर्ता, सखी वन स्टॉप सेन्टर से कांउसलर श्रीमती गीता चंदा प्रजापति और विद्यालय के प्राचार्य श्री दुयोधन प्रसाद गुप्ता, एवं सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रही, कार्यक्रम में कार्यस्थल पर महिलाओं के लैगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 अंतर्गत आंतरीक शिकायत समिति के बारे में जानकारी दी गई।





प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# दबंगों के डर से छात्रा ने पुलिस से सुरक्षा की माँग

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली ऊन क्षेत्र के ग्राम जीजोला की रहने वाली अलसाना अपने इंटर के पेपर देने के लिए झिंझाना के एक कॉलेज में जाते हुए कुछ गांव के ही मनचले पीछा करते है ओर लड़की के विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देते है और फोन के माध्यम से भी अश्लील वीडियो, मैसेज करते है। छात्रा ने पुलिस चौकी प्रभारी को इस मामले का शिकायत दर्ज कराई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। छात्रा ने अपनी सुरक्षा की गुहार पुलिस कप्तान शामली की है ।

# शामली जिले में पशु चिकित्सालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

